C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:13 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:52 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 150 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरूवार, 5 दिसंबर 2024

पुष्पा 2 स्क्रीनिंग पर दिखा अल्लू के...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### घर के बाहर खड़ी बाइक पर चोरों ने किया हाथ साफ

**हल्द्वानी।** वाहन चोर एक बार फिर से नगर में सक्रिय हो गए हैं। वाहन चोर नगर में वाहनों को चुराकर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं लेकिन पुलिस इन चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। वाहन चोरों ने एक मोटरसाइकिल पर हाथ साफ करते हुए पुलिस की सक्रियता की पोल खोल दी है वाहन स्वामी ने मामले की तहरीर काठगोदाम थाना पुलिस को सौंपी है। सौंपी तहरीर में प्रतापगढ़ी बेदीखत्ता दमुवाढूंगा काठगोदाम निवासी शुभम कुमार ने कहा है कि 27 नवंबर को उसने अपनी बाइक को उसने घर के बाहर खड़ी करी थी जब वह 28 नवंबर की प्रातः घर से बाहर आया तो उसने देखा कि उसकी बाइक वहां से गायब थी उसने आसपास के लोगों से बाइक के बारे में जानकारी जुटा लेकिन कहीं भी पता नहीं चल पाया वहां सुनामी ने अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ मिला मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### वाहन की टक्कर से घायल मां की मौत, मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी।** सड़क हादसे में घायल अपनी मां की मौत के बाद एक व्यक्ति ने कार चालक के खिलाफ मुखानी थाने में तहरीर सौंप कर मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी कार चालक की तलाश शुरू कर दी है पुलिस को सौंपी तहरीर में अरविंद सिंह पुत्र दिगंबर निवासी गनीपुर जीवानंद मुखानी ने कहा है कि उसकी माता 27 नवंबर को अपने साथियों के साथ धार्मिक यात्रा करने के लिए निकली थी सभी लोगों ने काठगोदाम रेलवे स्टेशन जाने के लिए एक ऑटो में सवार हुए वहीं तेज गति से आ रही है कार ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें उसकी माता भी गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां उपचार को दौरान उनकी मौत हो गई। अरविंद ने कर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी कार्यचालक को पकड़ने का दावा किया है।

## कमिश्नर पहुंचे रुद्रपुर, राष्ट्रीय खेल आयोजन व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

राष्ट्रीय खेल के आयोजन को देखते हुए बुधवार को मण्डलायुक्त दीपक रावत ने स्पोर्ट स्टेडियम का अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। रूद्रपुर स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल के अन्तर्गत तीन खेल प्रतियोगिताए साईकलिंग, बालीवॉल व हैण्डवॉल आयोजित होगें। जिनकी तैयारियो को लेकर आयुक्त ने नव निर्मित बहुउद्देशीय हॉल जिसमे बालीवॉल व हैण्डवॉल प्रतियोगिता आयोजित होगीं तथा वैलोड्रम जिसमे साईकलिंग प्रतियोगिताए आयोजित होगीं का निरीक्षण किया। बहुउद्देशीय हॉल के निरीक्षण के दौरान उन्होने



निर्माण इकाई पेयजल निगम (खेल) के सहायक अभियंता को हॉल में उचित प्रकाश व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था के साथ ही पर्याप्त वेन्टिलेशन कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिये। उन्होंने वैलोड्रम का निरीक्षण के दौरान उन्होने वैलोड्रम के कार्यो की जानकारी ली। कार्यदायी संस्था के सहायक अभियंता ने बताया कि बैलोड्रम का सिविल कार्य पूर्ण हो गया है, फिनिशिगं कार्य भी शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होने बताया कि वैलोड्रम के नीचे कमरे व शौचालय कार्य तथा ड्रेनेज कार्य प्रगति पर है जिसे शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। कमिश्नर ने कहा कि स्टेडियम की ड्रेनेज व्यवस्था सुनिश्चित की जाये ताकि वॉटर लागिंग न हो सके। मण्डलायुक्त ने खेल अधिकारी को निर्देश दिये कि वे राष्ट्रीय खेल हेतु जो भी उपकरण आदि खरीदने है उनके तत्काल आर्डर करे एवं और जो भी आवश्यताए है उनकी सूची खेल इवेंट मैनेजर को उपलब्ध कराये ताकि समय से सभी व्यवस्थाए सुनिश्चित हो सकें। उन्होने खिलाड़ियों के रहने व शौचालय व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली व पर्याप्त व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि शौचालयो व स्टेडियम की सफाई हेतु पर्याप्त कार्मिक तैनात किये जाये। उन्होने राष्ट्रीय खेलों की तैयारियो व व्यवस्थाओ की मानिट्रिंग हेतु कमेटी बनाने के निर्देश डीएम को दिये। निरीक्षण के दौरान डीएम नितिन भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा,वीसी प्राधिकरण जय किशन, एडीएम पंकज उपाध्याय,एसडीएम मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पाण्डेय, जिला क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की, महा सचिव ओलम्पिक संघ डीके सिंह, सहायक अभियंता पेयजल निर्माण निगम खेल इकाई एसएस भंडारी, कार्यदायी संस्था प्रबंधक अरूण चौधरी आदि मौजूद थे।

अदाणी मामले पर विपक्ष का फिर विरोध

## संभल हिंसा को लेकर लोकसभा में हंगामा, सदन की कार्यवाही स्थगित

नई दिल्ली
एजेंसी

संसद के दोनों सदनों में अब तक भारी हंगामा और नारेबाजी देखी गई है। लोकसभा और राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष में तकरार बनी हुई है। हालांकि, बीते दो दिनों से सदनों की कार्यवाही चल रही है। संभल हिंसा को लेकर एक सांसद की टिप्पणी से लोकसभा में हंगामा हो गया, जिसके चलते सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई। वहीं राज्यसभा की कार्यवाही जारी है।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, मैं विपक्षी दलों के व्यवहार से बहुत दुखी हूं। शीतकालीन सत्र शुरू होने के बाद से हम चर्चा चाहते हैं। हमने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में सभी विधेयकों, प्रस्तावों और अन्य विषयों पर चर्चा के लिए एक समय तय किया था। लेकिन वे संसद के अंदर बोलने के बजाय रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर बाहर नाटक कर रहे हैं जो संसदीय परंपरा और संसद की गरिमा के अनुरूप नहीं है। यह कैसा नाटक है जो कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दलों ने आज किया है। लोकतंत्र में, संसदीय परंपरा



**प्रदर्शन**
- राज्यसभा की कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित कर दी

में, सदस्यों को संसद में ही बोलना होता है। हम सदन में चर्चा चाहते हैं, लेकिन वे बाहर हंगामा करते हैं।

वहीं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, पीएम मोदी जी अदाणी का जांच नहीं करा सकते क्योंकि वह अगर जांच कराएंगे तो वह अपनी ही जांच कराएंगे। पीएम मोदी और अदाणी एक है ये दो नहीं है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा शीतकालीन सत्र में भाग लेने के लिए संसद पहुंचीं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और प्रियंका को कल उत्तर प्रदेश के हिंसा प्रभावित संभल जाते समय रोक लिया गया। भाजपा सांसद रवि किशन ने विपक्ष के विरोध प्रदर्शन पर कहा, ये लोग कुछ भी करें कुछ नहीं होगा, हरियाणा हार चुके हैं, महाराष्ट्र में इनकी ऐतिहासिक हार हुई है, आने वाले समय में हर जगह हारेंगे। यह इनकी हार की पीड़ा है।

## हल्द्वानी के कृतेश इंग्लैंड में ईपीआईसी अवार्ड से सम्मानित

हल्द्वानी/नैनीताल
हमारे संवाददाता

हल्द्वानी के कृतेश बिष्ट ने इंग्लैंड में बेहद प्रतिष्ठित ईपीआईसी अवार्ड जीतकर शहर को गौरवान्वित किया है। शिक्षा और सामाजिक प्रभाव में समानता और समावेशिता को बढ़ावा देने में उनके असाधारण योगदान के लिए उन्हें समावेश चैंपियन की उपाधि से सम्मानित किया गया।

कृतेश इनस्टूडेंट्स के संस्थापक हैं जो एक सामाजिक उद्यम है जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल विकास के साथ वंचित छात्रों को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। स्किलपोर्ट और समान अवसर परियोजना जैसी पहलों के माध्यम से उन्होंने वंचित क्षेत्रों में हजारों छात्रों को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है।

पुरस्कार प्राप्त करने पर कृतेश ने कहा यह पुरस्कार केवल मेरा नहीं है यह उन सभी का है जो इस दृष्टि में विश्वास करते हैं। समावेश केवल एक लक्ष्य नहीं है यह एक जिम्मेदारी है।

हल्द्वानी से वैश्विक स्तर पर पहचाने जाने वाले चेंजमेकर बनने तक कृतेश की यात्रा छोटे शहरों के युवाओं की क्षमता का प्रमाण है। उनकी सफलता न केवल उनके समर्पण को उजागर करती है, बल्कि दूसरों को भी बड़े सपने देखने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करती है।

कृतेश अपनी पहलों का विस्तार करके और भी अधिक वंचित समुदायों तक पहुँचने और शिक्षा और समावेशन के माध्यम से जीवन को बदलना जारी रखने की योजना बना रहे हैं। कृतेश को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं और दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के उनके मिशन में सफलता की कामना करते हैं।




## निकाय चुनाव को भाजपा के प्रभारियों की घोषणा

हल्द्वानी/देहरादून
हमारे संवाददाता

प्रदेश भर में निकाय चुनाव की तैयारी भाजपा की ओर से शुरू हो गई है। संगठन द्वारा चुनाव कराने की सहमति जताने के बाद सरकार जल्द ही निदेशालय के माध्यम से तैयारी को अंतिम रूप देगी। भारतीय जनता पार्टी ने नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत में प्रभारियों की घोषणा कर दी है।

प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार को देहरादून व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोज पाल को हल्द्वानी, तरुण बंसल को काशीपुर, प्रदीप बिष्ट को अल्मोड़ा नगर निगम का चुनाव



**निकाय चुनाव**
- तरुण बंसल को काशीपुर नगर निगम का प्रभार सौंपा

प्रभारी बनाया है। अन्य नगर निगमों के चुनाव प्रभारी भी घोषित कर दिये हैं। 45 नगर पालिकाओं के प्रभारी नियुक्त किये गये हैं। प्रदीप जनौटी रामनगर, सचिन साह भवाली, विकास भगत गदरपुर व प्रकाश रावत को किच्छा का प्रभारी बनाया है। 46 नगर पंचायतों के प्रभारी घोषित किये गये हैं। प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने सभी चुनाव प्रभारियों की घोषणा की।

## हादसा: ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से बाइक सवार दो भाइयों की मौत

बाजपुर
हमारे संवाददाता

बाजपुर में ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से दो भाइयों की मौत हो गई। हादसे के बाद से परिवार में कोहराम मचा है।

बाजपुर में मलेरिया रोड पर ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार दो सगे भाईयों की मौत हो गई। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। बृहस्पतिवार सुबह केलाखेड़ा के गांव गणेशपुर निवासी मोहम्मद इलियास (28) और उसका भाई फरीद अहमद (23) बाइक से बाजपुर के गांव सीता कालोनी जा रहे थे। तभी मलेरिया रोड पर ट्रैक्टर ट्राली ने की चपेट में आ गए। हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर एसएसआई



विनोद फर्त्याल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को उप जिला चिकित्सालय में भेजा। जहां डॉक्टर ने दोनों भाइयों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिवार के अस्पताल पहुंचे। वहीं गांव में मातम छा गया। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर ट्राली को छोड़ कर भाग गया। घटना में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना स्थल पर सड़क किनारे क्षतिग्रस्त हेलमेट भी पड़ा मिला है। जिससे प्रतीक होता है कि बाइक सवार ने हेलमेट लगा रखा था।

### रोडवेज परिसर में अधेड़ का शव मिलने से सनसनी

**हल्द्वानी।** रोडवेज परिसर में एक अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने के प्रयास किए। गुरुवार की प्रातः रोडवेज के पास एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कोतवाल राजेश कुमार यादव, एस एस आई रोहताश सागर अपने दलबल के साथ मौका पर पहुंचे उन्होंने व्यक्ति को उठाकर उपचार के लिए बेस चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया है। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि मृतक की शिनाख्त कराई जा रही है।

# नैनीताल में वेंडर जोन को लेकर गहन मंथन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल में बुधवार को वेंडर जोन को लेकर काफी गहन मंथन हुआ। मामले को लेकर डीएम के निर्देश के बाद जिला प्रशासन व पालिका प्रशासन की पहल पर विस्तार से चर्चा के दौरान प्रशासन की ओर से व्यापक रुप से इस मुद्दे पर चर्चा की।



कलक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में अपर जिलाधिकारी पी.आर. चौहान ने कहा कि हाईकोर्ट के दिशा निर्देशों के क्रम में नगर में वैडिंग जोन की सार्थक पहल की जा रही है। इसी वर्ष पालिका में हुई बैठकों के बाद वेंडर जोन के लिए स्थान का चयन किया जा चुका है। इसे नोटिफाइड कर नापजोख के माध्यम से तय किया जा चुका है कि इसमें लगभग 123 लोगों के लिए स्थान होगा।

न्यायालय आदेशों के तहत लाटरी अथवा रोस्टर के अनुरूप स्थान आबंटित किया जाएगा। इसके बाद पूर्व से नो वेंडिंग जोन घोषित पंत पार्क व मॉलरोड में इस नियम को प्रभावी कर दिया जाएगा। इसी क्रम में पालिका की ओर से फड़ कारोबारियों से शपथ पत्र भरवाए जा रहे हैं। पालिका ईओ दीपक गोस्वामी ने कई लोगों की ओर से शपथ पत्र न भरने की बात कही।

बैठक में मौजूद फड़ कारोबारियों ने शपथ पत्र भरते ही उन्हें पंत पार्क से हटाने सरीखे कुछ बिंदु आपत्ति जताई जिस पर एडीएम चौहान ने कहा कि वेंडिंग जोन बनने के बाद ही शपथ पत्र की शर्ते लागू की जाएंगी। बैठक में मौजूद होटल एसोसिएशन तथा व्यापार मंडल व अन्य संस्था प्रतिनिधियों ने भी प्रशासन की पहल की सराहना करते हुए त्वरित वेंडिंग जोन समस्या के निस्तारण की मांग की।

बैठक में सिओ सिटी सुमित पांडे, ईओ द्वितीय विनोद जीना, अवर अभियंता विपिन चंद्र, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट, सचिव वेद साह समेत रुचिर साह, मल्लीताल व्यापार मण्डल अध्यक्ष किशन सिंह नेगी, उपाध्यक्ष रईस खान, महासचिव त्रिभुवन सिंह फ र्तियाल, कैलाश, विजय, नैनीताल अंजुमन इस्लामिया के सदर अध्यक्ष शोएब शामसी,जमीर अहमद, अब्दुल, मो. हारून समेत कोतवाल उमेश मालिकत तथा तल्लीताल के एसओ रमेश सिंह बोहरा आदि मौजूद थे।



# नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट- 2024 को जारी करने को लेकर पौधरोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट- 2024 को जारी करने को लेकर किया जा रहा पर्यावरण संरक्षण के तहत अनोखा पौधारोपण आंदोलन बुधवार को 152वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि कुमाऊं मंडल विकास निगम के पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों ने सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए बुधवार को विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण मानसरोवर यात्री वाटिका में किया । कार्यक्रम में हर सिंह, शेर सिंह, वेद प्रकाश, पदम सिंह, सौरव खोलिया, महेश कुमार, राजेंद्र सिंह, दीपक, गोपाल सिंह बिष्ट, विजय बोरा, नरेंद्र थापा तथा शोभा राम सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

# निदेशक डॉ. राजीव निरीक्षण के दौरान परीक्षार्थियों से संवाद भी किया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के इग्नू सेंटर में चल रही परीक्षाओं का इग्नू क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून के सहायक निदेशक डॉ. राजीव कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इग्नू के परीक्षार्थियों से संवाद भी किया।

उन्होंने कहा कि इग्नू राष्ट्रीय विश्वविधालय है तथा कुमाऊँ विवि के डीएसबी परिसर में 265 विद्यार्थी इस वर्ष प्रवेशित हुए हैं। उन्होंने कई विद्यार्थियों के समस्या का समाधान भी किया। डॉ. राजीव ने कहा कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय(इग्नू) के कई देशों में शाखाएं हैं तथा 300 से ज्यादा विषय इग्नू में संचालित हैं तथा मानव संसाधन विकास में इग्नू की महत्पूर्ण भूमिका रही है। कहा कि इग्नू एमबीए की पढ़ाई भी करा रहा है। निरीक्षण के बाद इग्नू सेंटर नैनीताल ने इग्नू के सहायक निदेशक डॉ. राजीव कुमार को शॉल ओढाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर इग्नू के डीएसबी सेंटर के कॉर्डिनेटर प्रो.ललित तिवारी समेत डॉ. नवीन पांडे,नंदा बल्लभ पालीवाल,मोहन सिंह बिष्ट ,संतोष कुमार तथा सोनी आर्य सहित इग्नू के विद्यार्थी उपस्थित रहे। बता दें वर्तमान में इग्नू की परीक्षाएं 2 दिसंबर से प्रारंभ होकर आगामी 9 जनवरी 2025 (गुरुवार) तक चलेंगी,परीक्षा के लिए 917 विद्यार्थी पंजीकृत हैं।



## NEWS / फटाफट

### पालिका चुनाव को समतुला अंसारी ने भी ठोकी ताल



**नैनीताल** । नगर पालिका परिषद के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए नैनीताल शहर के युवा कांग्रेसी समतुला अंसारी ने भी ताल ठोक दी है। उन्होंने कहा कि अगर अध्यक्ष पद की सीट अल्पसंख्यक वर्ग के लिए अगर आरक्षित होती है तो उन्हें पूरा मौका दिया जाना चाहिए। अंसारी के मुताबिक वह बीते 18 वर्षो से पार्टी की सेवा कर रहे हैं। मामले को लेकर उन्होंने कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष तथा नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को भी पत्र लिखकर अपनी भावना से अवगत करा दिया है।

### सडक़ मार्ग न होने ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**नैनीताल**। कुमाऊं मंडल के अल्मोड़ा जिले के धौलादेवी विकास खंड के ग्राम सभा नौगांव चलनीछीना से लेकर बमनस्वाल तक आवागमन के लिए सडक़ मार्ग उपलब्ध नहीं होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए भाजयुमो के प्रदेश सह संयोजक व कुविवि के डीएसबी परिसर के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष डा.मोहित सिंह रौतेला के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर ग्रामीणों की समस्या का प्राथमिकता से समाधान करने की गुजारिश की। इस दौरान उन्होंने मामले को लेकर ज्ञापन भी सौपा। डा.रौतेला के मुताबिक ग्राम सभा नौगांव, चलनीछीना से बमनस्वाल तक आने जाने के लिए सडक़ मार्ग नहीं है जबकि बमनस्वाल, बुदिमनिया, मेहरागांव, बजवाण, खीना, पडगलिया आदि कई गांवों के निवासियों को अपने जरुरी कार्यो के लिए चलनीछीना बाजार आना-जाना पड़ता है,सडक़ मार्ग नहीं होने से उन्हें कई तरह की समस्याएं उठानी पड़ रही हैं। रौतेला ने कहा कि अगर जल्द ही मार्ग का निर्माण हो जाता है तो जिला मुख्यालय अल्मोड़ा की दूरी भी इस मार्ग के निर्माण से करीब 15-20 किमी कर हो जाएगी। रौतेला ने सीएम से गुजारिश की है कि वह मामले के समाधान के लिए संबंधित विभाग को सडक़ मार्ग का सर्वे कराकर निर्माण के लिए निर्देशित करें। डा.रौतेला के साथ शिष्टमंडल में दीपक सुयाल व भाष्कर सती भी मौजूद रहे।

### फिट इंडिया वीक-2024 के तहत गतिविधियां आयोजित



**नैनीताल** । कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा आयोजित कराए जा रही फिट इंडिया वीक-2024 के तहत दूसरे दिन यानी बुधवार को विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। फि ट इंडिया वीक के नोडल अधिकारी डॉ. रीतेश साह ने बताया कि कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा 3 से 9 दिसंबर 2024 फि ट इंडिया वीक 2024 का आयोजन युवा कार्य और खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार कराया जा रहा है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की क्रियाकलापों द्वारा शारीरिक व मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाना हैं व इन्हें अपने दैनिक जीवन में शामिल करना है। इसके अंतर्गत बुधवार को निबंध प्रतियोगिता कराई गई जिसका शीर्षक भारत में खेलों का स्तर था। कार्यक्रम में सह समन्वय डॉ. संतोष कुमार द्वारा छात्रों को स्वस्थ रहने के लिए विभिन्न एक्ससाइज भी करवाई गई। इस अवसर पर परिसर के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. ललित तिवारी समेत डॉ0 विजय कुमार, डॉ0पूरन सिंह अधिकारी के साथ ही अपूर्व बिष्ट तथा लाल सिंह बिष्ट आदि उपस्थित थे।

### नगर में डामरीकरण के चलते यातायात प्रभावित

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल चौराहे में बुधवार की सुबह डामरीकरण के चलते यातायात प्रभावित रहा। वाहनों की कतार लगाने के बाद डामरीकरण बंद किया गया। बता दें कि तल्लीताल चौराहे के चौडीकरण के बाद लोनिवि की ओर से डांठ चौराहे में मेस्टिक डामरीकरण किया जा रहा है। दिन में यातायात ज्यादा होने के चलते विभाग की ओर से डामरीकरण का कार्य रात में किया जा रहा है लेकिन बुधवार को सुबह डांठ चौराहे में भवाली रोड पर डामरीकरण किया गया। जिसके चलते वहां से यातायात डायवर्ड करते हुए हल्द्वानी रोड से घुमाकर भवाली रोड को भेजा गया। इससे यातायात प्रभावित रहा। कुछ देर बाद हल्द्वानी रोड और मॉलरोड में वाहनों की लंबी कतार लग गई जिससे बाद विभाग को डामरीकरण रोकना पड़ा।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# निचली अदालत के निर्णय के बाद घोड़े की मौत मामले में आरोपी व अन्य को सजा की मांग

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने शक्तिमान घोड़े की मौत के आरोपियों को सजा दिलाए जाने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने सभी पक्षकारों को सुनने के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया है। मामले के अनुसार होशियार सिंह बिष्ट ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर जिला अदालत के उस फैसले को चुनौती दी है जिसमें निचली अदालत ने गणेश जोशी को दोषमुक्त कर दिया था और कहा था कि याचिकाकर्ता होशियार सिंह बिष्ट ना तो शिकायतकर्ता हैं न ही गवाह हैं। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2016 में विधान सभा घेराव के दौरान पुलिस की लाठी से गणेश जोशी ने घोड़े की टांग पर हमला किया और बाद में घोड़े की मौत हो गयी। इस मामले में 23 अप्रैल 2016 को पुलिस ने गणेश जोशी को आरोपी बनाया और देहरादून के नेहरू क्लोनी थाने में मुकदमा भी दर्ज किया, जिसके बाद 16 मई 2016 को चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की इसी बीच सरकार बदली तो सरकार ने सीजेएम कोर्ट से केस वापस लेने के लिए प्रार्थना पत्र दाखिल कर दिया। 23 सितंबर 2021 को निचली अदालत ने गणेश जोशी को बरी कर दिया और अपीलीय कोर्ट ने याचिका को सुनवाई योग्य नहीं माना। उच्च न्यायलय में याचिकाकर्ता ने निचली अदालत के निर्णय को निरस्त करने के साथ गणेश जोशी व अन्य को सजा दिलाए जाने की मांग की है।

# अत्याधुनिक बास्केटबॉल मैदान बनने पर खुशी जताई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल के ऐतिहासिक डीएसए मैदान में पाली प्रोपाईलीन टाइल द्वारा निर्मित अत्याधुनिक प्रकार के बास्केटबॉल मैदान बनवाए जाने पर खेल प्रेमियों द्वारा मिठाई बांटकर खुशी व्यक्त की।

इस दौरान दर्जनों की संख्या में मौजूद खिलाडियों द्वारा विधायक प्रतिनिधि मोहित आर्या को मिठाई खिलाकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही खिलाडियों द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिताओं की तैयारी करने हेतु क्रिकेट पिच एवं बालीबाल मैदान बनवाने हेतु मांग पत्र मोहित आर्या को सौंपा गया।



बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुछ माह पूर्व नैनीताल प्रवास के दौरान खिलाडियों के बीच जाकर मुलाकात की थी। जिस दौरान खिलाडियों द्वारा जीर्ण क्षीर्ण बास्केट बॉल मैदान को नया बनवाने का आग्रह मुख्यमंत्री से किया था। मुख्यमंत्री द्वारा तुरंत जिलाधिकारी नैनीताल को इस संबंध में निर्देशित भी किया गया इस क्रम में अब मैदान बनकर तैयार है। सामाजिक कार्यकर्ता हरीश राणा ने बताया मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रदेश भर में खिलाडियों हेतु खेल सुविधाओं को बड़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी नैनीताल द्वारा संबंधित निर्माण इकाइयों को अतिशीघ्र गुणवत्ता पूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। वी विहान क्लब से जुड़े अधिवक्ता एवं खिलाड़ी प्रदीप उप्रेती ने बताया कि इतने कम समय में बास्केटबाल मैदान बनाए जाने पर खेल प्रेमियों का एक प्रतिनिधिमंडल अतिशीघ्र जिलाधिकारी नैनीताल के पास भी धन्यवाद ज्ञापित करने हेतु जायेगा। इस दौरान रवि प्रकाश जोशी, हरीश जोशी, संजय कुमार, विनोद कनारी, बिलाल अहमद, अभिषेक कुमार, प्रमोद कुमार, सुमित रौतेला, मुकेश कुमार, तनवीर अहमद, संतोष कुमार, जुनैद, डाक्टर अंसारी, शुभान, चंद्रा, इबाद तथा दीपक सिंह आदि खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# अभिमत

## प्रदूषण का दोषी

*देश के हर नागरिक को नदियों को प्रदूषित होने से बचाने का संकल्प लेना होगा। जनजागरूकता के लिए स्कूल के बच्चों से लेकर विश्वविद्यालय तक के युवाओं को प्रदूषण रोकने के लिए जिम्मेदारी सौंपनी होगी। साल में एक सप्ताह अथवा पखवाड़े में स्वच्छता का संदेश देने के लिए मंत्री और नेताओं द्वारा झाड़ू लगाने से काम नहीं चलेगा। सड़क पर थूकने, ट्रेन, बस और निजी वाहनों में चलते हुए कहीं भी कूड़ा फेंकने वालों में शिक्षित वर्ग भी शामिल है। प्रदूषण के लिए हर व्यक्ति को अपने गरेबां में झांकना होगा।*

कार्यालयों में कार्य अवधि में परिवर्तन, स्कूल बंद करने और वाहनों का संचालन कम करने से प्रदूषण को रोकना संभव नहीं है। दिल्ली तथा राजधानी से लगे कुछ राज्यों के क्षेत्र में प्रदूषण की हालत जानलेवा साबित होने के साथ ही देश के अन्य क्षेत्रों में प्रदूषण निरंतर बढ़ता जा रहा है। वर्षा ऋतु के बाद धान की फसल कटने पर पराली जलाने को प्रदूषण का प्रमुख कारण माना जाता है। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों को पराली जलाने से रोकने की कोशिश नाकाम साबित हुई है। शीतकाल में कोहरा छाने से वाहनों के धुंए से वायु प्रदूषण का प्रकोप इस कदर हो जाता है कि सांस लेना दूभर होता है। वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण के अलग-अलग कारण बताये जाते रहे हैं। सच यह है कि वैश्विक महामारी कोराना के प्रकोप से बचाने के लिए लागू किये गये लॉकडाउन के दौरान प्रदूषण करीब-करीब खत्म हो गया था। मीडिया में नदियों के निर्मल जल के चित्र सुर्खियों में आये थे। वैज्ञानिकों का मानना है कि उद्योगों के अपशिष्ट तथा नालों के पानी से नदियां प्रदूषित होती हैं। उद्योगों और वाहनों से वायु तथा ध्वनि प्रदूषण होता है। लॉक डाउन में उद्योग व वाहन बंद थे। उद्योग तथा परिवहन बंद करने से जीवन ठहर जायेगा। उद्योगों के अपशिष्ट के ट्रीटमेंट का नियम है। जिस तरह सीवर के ट्रीटमेंट का प्रबंध किया गया है, उसी तरह उद्योगों के अपशिष्ट का प्रबंध किया जाये। अस्सी के दशक में गंगा सफाई अभियान से सिर्फ गंगा को प्रदूषित होने से रोकने का प्रयास किया गया। गंगा, यमुना, कोसी, कावेरी आदि नदियों में बहुत सी छोटी नदियां मिलती हैं। देश की सभी नदियों को प्रदूषित होने से रोकने का प्रयास करना होगा। सरकार की कोई भी योजना सफल नहीं हो सकती है। सरकारी मशीनरी की ईमानदारी से ही कोई योजना धरातल पर उतरती है। केन्द्र और राज्यों की सरकारों के साथ जन सहभागिता जरूरी है। देश की आबादी के साथ ही संसाधन बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह हर घर शौचालय के माध्यम से स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाया, उसी तरह देश के हर नागरिक को नदियों को प्रदूषित होने से बचाने का संकल्प लेना होगा। जनजागरूकता के लिए स्कूल के बच्चों से लेकर विश्वविद्यालय तक के युवाओं को प्रदूषण रोकने के लिए जिम्मेदारी सौंपनी होगी। साल में एक सप्ताह अथवा पखवाड़े में स्वच्छता का संदेश देने के लिए मंत्री और नेताओं द्वारा झाड़ू लगाने से काम नहीं चलेगा। सड़क पर थूकने, ट्रेन, बस और निजी वाहनों में चलते हुए कहीं भी कूड़ा फेंकने वालों में शिक्षित वर्ग भी शामिल है। प्रदूषण के लिए हर व्यक्ति को अपने गरेबां में झांकना होगा।

# अवैध पिस्टल, दस कारतूस और दो मैगजीन के साथ धरा हथियार सप्लायर

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जनपद में अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है और इसी कार्रवाई के चलते पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी के मामले में एक सप्लायर को गिरफ्तार किया। उसके पास से अवैध पिस्टल, दस कारतूस समेत दो मैगजीन बरामद की। मामला कोतवाली किच्छा क्षेत्र का है।

पुलिस के मुताबिक बुधवार को कोतवाली किच्छा पुलिस को सूचना मिली कि एक थार जिसका नंबर यूके 06बीके -9600 से अवैध हथियार की सप्लायर जा रहा है। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक किच्छा धीरेन्द्र कुमार टीम के साथ किच्छा क्षेत्र में चेकिंग अभियान शुरु किया। इसी बीच तो उक्त वाहन संख्या नंबर यूके 06बीके 9600 को थाना किच्छा क्षेत्र में हल्द्वानी बरेली रोड में रोककर चैक किया गया तो कार में सवार व्यक्ति ने अपना नाम मन्दीप गौराया पुत्र हरदीप सिह निवासी ईस्वरपुर टांडा थाना शीशगढ़ जनपद- बरेली यूपी बताया।



वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस को एक अदद पिस्टल 32 बोर, 10 जिन्दा कारतूस व 2 मैगजीन बरामद हुई। सूचना पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा कोतवाली पहुंचे।

उन्होंने आरोपी मन्दीप गौराया से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि आरोपी पूर्व में किच्छा थाने से कई बार जेल जा चुका है तथा स्थानीय गैंग का सक्रिय सदस्य है। पुलिस पूछताछ में मन्दीप ने बताया कि वह पूर्व में जेल में निरुद्ध गगन रतनपुरिया गैंग में रहकर जानलेवा हमला व धमकी देने आदि का अपराध करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## तरसेम हत्याकांड के वांछित अभियुक्त के घर पुलिस की दबिश

**रुद्रपुर।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर नानकमत्ता का बहुचर्चित बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के मामले में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नानकमत्ता पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 83/24 धारा 302/201/120(बी )/34 से संबंधित अभियुक्त अनूप सिह जिसके विरुद्ध न्यायालय से कुर्की की आदेशिका जारी की गई थी। इसी के चलते बुधवार को अभियुक्त अनूप सिंह के पते कोतवाली बिलासपुर रामपुर क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी खटीमा व क्षेत्राधिकारी सितारगंज के नेतृत्व में थाना नानकमत्ता पुलिस टीम के साथ दबिश दी। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त अनूप सिंह पूर्व में ही अपनी अधिकांश चल संपत्ति मौके से हटा चुका है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव थाना नानकमत्ता,थानाध्यक्ष अनिल जोशी थाना झनकैया,एसआई मनोज जोशी,जितेंद्र नेगी,धनराज,सुंदर बजेठा,महिला कांस्टेबल बबीता रानी आदि शामिल रहे।

## टैक्सी वाहन संचालन को एसओपी को लेकर कवायद

**नैनीताल ।** जिला प्रशासन ने नैनीताल शहर में टैक्सी वाहन संचालन को एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) बनाने की कवायद शुरू कर दी है। बुधवार को मामले में एडीएम ने परिवहन विभाग, पुलिस विभाग अधिकारियों व पर्यटन कारोबारियों के साथ बैठक कर सुझाव मांगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि वर्ष 2017 से पूर्व के पंजीकृत 88 टैक्सी बाइक स्वामी व चालकों का सत्यापन करवाया जाएगा। वर्ष 2017 के बाद पंजीकृत वाहनों के संचालन की रोकथाम को चरणबद्ध कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम फि चा राम चौहान ने शहर में टैक्सी वाहन संचालन की एसओपी बनाने को लेकर विभागीय अधिकारियों व पर्यटन कारोबारियों के साथ बैठक की। बैठक में पर्यटन कारोबारियों ने टैक्सी बाइकों के कारण शहर में जाम लगने, अक्सर सड़क दुर्घटना होने जैसे मुद्दे जोरशोर से उठाये। इस बीच संभागीय परिवहन अधिकारी संदीप सैनी ने चरणबद्ध तरीके से अवैध टैक्सी वाहनों का संचालन रोकने का सुझाव दिया। बताया कि 2017 के बाद पंजीकृत वाहनों को शहर से बाहर रोक दिया जाए। पहले चरण में टैक्सी बाइकों को प्रतिबंधित करने के लिए मुनादी कर वाहन स्वामियों को जानकारी दी जाए।

## क्रिकेट पिच के निर्माण कार्यों को लेकर चर्चा

**भवाली।** प्रत्येक वर्ष की तरह आगामी वर्ष में भवाली में आयोजित होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए नगरपालिका मैदान को समतल करने और क्रिकेट पिच के निर्माण के संबंध में युवा एकता मंच की टीम ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान बैठक में दोनों कार्यो को आगामी महीने के अंत तक पूरा करने पर चर्चा की गई।

युवा एकता मंच के सदस्यों ने रेहड़ वार्ड स्थित शिशु मंदिर वाली रोड पर उत्पन्न गड्ढों की समस्या को उठाया और अधिकारियों से इन गड्ढों को शीघ्र ठीक करने की मांग की। टीम ने नगर पालिका को ज्ञापन सौंपते हुए कार्यों को प्राथमिकता देने का अनुरोध किया। पालिका ने आश्वासन दिया कि यदि निकाय चुनाव की आचार संहिता से पहले शासन से अनुमति मिल जाती है, तो दिसम्बर माह में टेंडर प्रक्रिया पूरी कर मैदान का समतलीकरण और क्रिकेट पिच निर्माण का कार्य शुरू कर दिया।

# युवक का बैग व मोबाइल चोरी मामले में कार्रवाई की मांग

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के तल्लीताल बस स्टेशन से रविवार की रात एक युवक का बैग व उसमें रखा मोबाइल चोरी होने के मामले में सीसीटीवी की फुटेज खंगालने के बाद लोगों ने कार्रवाई की मांग की है। लोगों की शिकायत के बाद पुलिस मोबाइल की लोकेशन के आधार पर बैग चोरी करने वाले का पता लगा रही है।

जानकारी के अनुसार तल्लीताल निवासी मुकित अहमद का बैग व मोबाइल मंगलवार की रात को तल्लीताल बस स्टेशन से चोरी हो गया था। चोरी के बाद जब युवक ने इधर उधर पूछताछ व खोजबीन की लेकिन बैग और मोबाइल नहीं मिल पाया। जब मोबाइल नंम्बर पर अन्य मोबाइल से कॉल की तो कॉल नहीं लग पाई। जिसके बाद युवक शिकायत लेकर तल्लीताल पहुच गया। शिकायत के आधार पर जब पुलिस ने जांच की तो टिकिट लेने के दौरान सीसी टीवी कैमरे में एक युवक के पास बैग नजर आया। जब टिकिट काउंटर पर पूछताछ की गई तो व्यक्ति की ओर से ऑनलाइन पेमेंट कर टिकिट बुक किया गया था। जिसके आधार पर पुलिस ने व्यक्ति का पता लगा लिया है। जब बैग स्वामी ने उक्त व्यक्ति से फोन में संपर्क किया तो वह गाली गलौच कर रहा है। उन्होंने उक्त व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर मोबाइल व बैग चोरी करने वाले का पता लगाया जा रहा है।

## पार्किंग स्थापना को लेकर विद्यालय भवन को गिराया



**नैनीताल ।** जिला प्रशासन के निर्देश पर जिला विकास प्राधिकरण (डीडीए) की ओर से तल्लीताल प्राइमरी स्कूल के समीप पार्किंग स्थापना को लेकर विद्यालय भवन को गिराया जा रहा है।

बता दें कि बुधवार को प्राधिकरण अधिकृत ठेकेदार की ओर से जेसीबी के माध्यम से भवन को गिराया जा रहा था। इसी दौरान विद्यालय भवन का पिलर असंतुलित होकर जेसीबी के ऊपर गिर गया। चालक दीपक सिंह कुंजवाल ने त्वरित इसे भांप लिया और वाहन से कूद गया। इसी कारण उसे चोट नहीं आई जबकि पिलर से जेसीबी क्षतिग्रस्त हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि चालक जेसीबी में ही होता तो उन्हें दिक्कत हो सकती थी।

## फिल्मी दुनिया

# पुष्पा 2 स्क्रीनिंग पर दिखा अल्लू के फैंस का बेतहाशा प्यार



*हैदराबाद में फिल्म पुष्पा 2 द रूल की स्क्रीनिंग के दौरान अल्लू अर्जुन ने प्रशंसकों के साथ जमकर मस्ती की। तो वहीं अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना के प्रशंसकों ने थिएटर में बेतहाशा प्यार दिखाया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। अल्लू अर्जुन हैदराबाद के संध्या थिएटर, आरटीसी क्रॉसरोड्स में पुष्पा 2–द रूल की स्क्रीनिंग में शामिल हुए। सुपरस्टार की बहुप्रतीक्षित फिल्म आखिरकार गुरुवार, 5 दिसंबर को मूल फिल्म के तीन साल बाद रिलीज हुई। प्रीमियर के कई वायरल वीडियो में अल्लू अर्जुन और उनकी पत्नी प्रशंसकों का अभिवादन करते और फिर उनके साथ फिल्म देखने जाते हुए दिखाई दिए। ऐसे ही एक वीडियो में अल्लू अर्जुन को थिएटर के अंदर प्रशंसकों के साथ बैठे देखा जा सकता है, जो उनके और रश्मिका मंदाना के एक सीक्वेंस को देखकर चीयर कर रहे हैं। अल्लू अर्जुन ने थिएटर में प्रशंसकों की ओर हाथ हिलाया और स्क्रीन पर फ्लाइंग किस करते हुए नजर आए। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें अल्लू के लिए प्रशंसकों का प्यार साफ नजर आ रहा है।*

## स्क्रीनिंग इतनी भी अच्छी नहीं

*हालांकि, पुष्पा 2 की स्क्रीनिंग इतनी भी अच्छी नहीं रही। प्रीमियर के दौरान एक दुखद घटना घटी, जिसमें एक महिला की जान चली गई और उसका छोटा बेटा गंभीर हालत में है। दिलसुखनगर की रहने वाली रेवती अपने पति भास्कर, बेटे और छोटे बच्चे के साथ स्क्रीनिंग में शामिल हुई थी। भगदड़ रात करीब 10:30 बजे हुई, जब रेवती और उनका परिवार थिएटर से बाहर निकल रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अल्लू अर्जुन की एक झलक पाने के लिए प्रशंसक थिएटर की ओर दौड़ पड़े और बाहर निकल रहे लोगों को धक्का देकर गिरा दिया।*

# बड़कोट में पानी की समस्या से निजात को लेकर सुनवाई 10 को

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट में उत्तरकाशी के बड़कोट में पानी की समस्या से निजात दिलाए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।

मामले की सुनवाई पूर्व के आदेश का पालन करते हुए राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि 31 मार्च तक बड़कोट में पानी की नियमित सप्लाई हो जाएगी, जितनी वर्तमान में जरूरत है, बाकी योजना बनाने पर भी कार्यवाही चल रही है, जिस पर कोर्ट ने सरकार से गुरवार (आज) तक शपथ पत्र पेश करने को कहा है। बुधवार को मामले की सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ में हुई। दूसरी ओर अब मामले की अगली सुनवाई 10 दिसम्बर (मंगलवार) को होगी। मामले के अनुसार बडकोट निवासी सुनील थपलियाल ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि बडकोट में पानी की समस्या हो रही है जिसको लेकर क्षेत्रवासी पिछले 6 जून से तहसील परिसर में क्रमिक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। क्षेत्रवासी टैंकरों से पानी ला ला कर परेशान हो रहे हैं जबकि 500 मीटर की दूरी पर नदी है लेकिन प्रशासन ने अभी तक उनकी इस समस्या का समाधान करने में कोई मदद नहीं की।

इस समस्या का समाधान हेतु क्षेत्र वासियों ने कई मर्तबा सूबे के मुख्यमंत्री सहित प्रशासन को प्रत्यावेदन दिए परन्तु अभी तक उनके प्रत्यावेदनों पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। आक्रोशित होकर क्षेत्रवासियों ने पिछले 6 जून से क्रमिक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके द्वारा दिए गए प्रत्यावेदनों में कहा गया कि इस समस्या का समाधान एकमात्र उपाय तिलाडी से बडकोट के लिए पम्पिंग योजना का निर्माण करने से हो सकता है, इसलिए इसकी शीघ्र स्वीकृति करने के आदेश सरकार व पेयजल निगम को दिए जाएं।

## News कॉर्नर

### कोर्ट के आदेश का अनुपालन न करने के मामले में तीन दिन के भीतर आदेश प्रस्तुत करें

नैनीताल । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पूर्व के आदेश का अनुपालन न करने पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता से कहा है कि तीन दिन के भीतर उच्च न्यायालय के 17 अक्टूबर 2024 का आदेश प्रस्तुत करें। मामले की अगली सुनवाई 16 दिसम्बर(सोमवार) की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार हल्द्वानी के चोरगलिया निवासी सामाजिक कार्यकर्ता व आरटीआई एक्टिविस्ट भुवन चन्द्र पोखरिया ने अवमानना याचिका दायर कर कहा है मुख्य सचिव ने कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया। कोर्ट ने पूर्व में अपने आदेश में कहा था कि आपने 27 जुलाई 2024 को जो पत्र मुख्य स्थायी अधिवक्ता को प्रस्तुत किया है। उसकी के सन्दर्भ में आप अपना व्यक्तिगत शपथपत्र पेश करेंगे। लेकिन अभी तक मुख्य सचिव के कोई व्यक्तिगत शपथ पत्र पेश नहीं किया है, न ही कोर्ट के आदेश का अनुपालन किया, इसलिए उनके द्वारा मुख्य सचिव राधा रतूड़ी के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की।

### मंदिर के समीप नॉनवेज की बिक्री पर प्रशासन सख्त

नैनीताल। मुख्यमंत्री हेल्प लाइन पोर्टल द्वारा पत्र प्राप्त जिसमें मां नयना देवी मंदिर के समीप जो रेस्टोरेंट संचालित किये जा रहे हैं उसमें नॉनवेज की बिक्री को रोकने हेतु पालिका के अतिक्रमण टीम प्रभारी कमल सिंह कटियार के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा निरीक्षण किया गया एवं दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई कि नॉनवेज की बिक्री कदापि न करें, ऐसा पाया जाने पर उसके खिलाफ पालिका प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। टीम में कमल सिंह कटियार समेत दिनेश रत्नाकर, विक्की सिलेलान, दिवाकर चौधरी, विकास टॉक, महेश गैड़ा, सनी तथा रवि बहुगुणा उपस्थित थे।

# तराई के निर्माता पं. राम सुमेर शुक्ल की 46वीं पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



तराई क्षेत्र के संस्थापक और स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी स्वर्गीय पं. राम सुमेर शुक्ल जी की 46वीं पुण्यतिथि पर रुद्रपुर में उनकी प्रतिमा पर जिलाधिकारी नितिन भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पंडित राम सुमेर शुक्ल राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में उनकी प्रतिमा पर डीएम, एसएसपी प्राचार्य डॉ केदार सिंह शाही,पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके अलावा पंडित राम सुमेर शुक्ल राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर में पंडित राम सुमेर शुक्ल जी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रस्ट की सदस्य शशि शुक्ला व श्रेयांश शुक्ला ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस दौरान डीएम नितिन भदौरिया ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा, पं. राम सुमेर शुक्ल न केवल स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे, बल्कि तराई क्षेत्र के विकास और विस्थापितों के पुनर्वास में उनकी भूमिका अविस्मरणीय है। उनका जीवन त्याग, संघर्ष और सेवा का प्रतीक है, जो हमें देश और समाज के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने पं. शुक्ल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, पं. शुक्ल के आदर्शों से प्रेरित होकर अपना जीवन देश को समर्पित कर दिया। उनका साहस, दृढ़ता और संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। पूर्व विधायक शुक्ला ने बताया कि पं. शुक्ल का जन्म 28 नवंबर 1915 को ग्राम भेड़ी शुक्ल, जिला गोरखपुर (वर्तमान देवरिया) में हुआ। रंगून (म्यांमार) से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद, उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से स्नातक और इलाहाबाद विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री ली। युवा अवस्था में ही उन्होंने 1936 के लाहौर अधिवेशन में जिन्ना के द्विराष्ट्वाद का विरोध कर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई। महात्मा गांधी से प्रेरित होकर उन्होंने वकालत छोड़ स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी की और तीन बार जेल गए.उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री गोविंद बल्लभ पंत ने उन्हें तराई कॉलोनाइजेशन का अध्यक्ष नियुक्त किया। पं. शुक्ल ने विस्थापित शरणार्थियों और स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के पुनर्वास के लिए कठिन परिश्रम किया और अपने जीवन की परवाह किए बिना तराई क्षेत्र को बसाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।4 दिसंबर 1978 को 63 वर्ष की आयु में उनका देहांत हुआ।पं. शुक्ल के आदर्शों को आत्मसात कर उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। यहां पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, निवर्तमान मेयर रामपाल, पंडित राम सुमेर शुक्ला मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट के संरक्षक दिनेश शुक्ला, ट्रस्ट के सदस्य आशीष शुक्ला, शशि शुक्ला, श्रेयांश शुक्ला, मनीष शुक्ला, सचिन शुक्ला, अभिषेक तिवारी, ठाकुर जगदीश सिंह, राज गगनेजा, हिमांशु शुक्ला, आशीष तिवारी, राजेश तिवारी, अजय तिवारी, सुशील यादव, जय नारायण, रविकांत वर्मा, नितिन वाल्मीकि, सचिन वाल्मीकि, जसवीर सिंह, आलोक राय, शंकर विश्वास,अरुण द्विवेदी, दीपक मिश्रा, अशोक चौधरी, राहुल तिवारी, राघवेंद्र शाही आदि मौजूद रहे।

# खुलासाः सुपरवाइजर नरेन्द्र की लूट के इरादे से की थी हत्या

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत सुपरवाइजर की लूट के लिए की गई हत्या के आरोपी तक पहुंचने के लिए पुलिस को सीसीटीवी फुटेज ने आसान कर दिया और पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर स्कूटी समेत मोबाइल और चाकू बरामद किया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने खुलासा करते हुए बताया कि टाटा मोटर्स में सुपरवाइजर पद पर कार्यरत नरेंद्र सिंह खाती पुत्र प्रयाग सिंह खाती निवासी तिवारी नगर बिंदुखत्ता नैनीताल 28 नवंबर की सुबह वह रोजाना की तरह डयूटी पर तो गया, परंतु वह घर वापस नहीं आया। नरेंद्र के घर पर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हो गई। थाना पंतनगर पुलिस ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कर ली। एसएसपी के निर्देश पर सीसीटीवी खंगालने के साथ ही गुमशुदा नरेंद्र खाती की काल डिटेल खंगालने के बाद पुलिस ने संदेह के आधार पर मंगलवार को सौरभ कुमार उर्फ गौरव पुत्र राजा राम निवासी ईश्वरपुर थाना खजुरिया रामपुर यूपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। एसएसपी ने बताया कि पुलिस की कढ़ाई से पूछताछ के बाद उसने बताया कि नरेंद्र खाती को उसने अकेले अपनी स्कूटी के साथ टोल प्लाजा से पहले पुलिया के पास खड़ा देखा तो उसके मन में लालच आ गया। उस पर लगभग 80 हजार रुपये का कर्ज उतारने की योजना बना ली। सौरभ कुमार ने नरेंद्र खाती को अपने विश्वास में लेने के बाद उसे जंगल की तरफ ले गया और वहां मौका पाकर उसने नरेंद्र खाती को चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी। शव को वही झाड़ियों में छिपाकर वह उसका मोबाइल फोन व स्कूटी लेकर फरार हो गया। अभियुक्त सौरभ कुमार उर्फ गौरव पुत्र राजा राम निवासी ईश्वरपुर थाना खजुरिया जिला रामपुर यूपी। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक पंतनगर सुन्दरम शर्मा, एसआई पीआर विश्वकर्मा, एसआई अशोक कुमार,एसआई प्रदीप कुमार, एसआई हेम चन्द्र सिंह, एसआई दिनेश रावत, एसआई अनिल मेहता, एएसआई सतीश बाबू, एएसआई मोहन सिंह रावत, हेड कांस्टेबल आनन्द राम,पंकज पोखरीयाल, नितिन कुमार, किशोर गिरी,जीवन भट्ट,राजेन्द्र कोरंगा आदि शामिल रहे।

### लिफ्ट लेने या देने से भी रहें सावधान

एसएसपी की जनता से अपील अनजान लोगों से रहें दूर,वरना हो सकते हैं घटना के शिकार मृतक नरेंद्र सिंह खाती ने क्षणिक विश्वास में आकर गंवाई जान, अनजान लोगों से लिफ्ट लेने या देने से भी रहें सावधान।

# नाव बनाकर परिवार का भरण पोषण करने वाले खड़क सिंह ने नंदा स्टूडियो में गाया गाना

नैनीताल

हमारे संवाददाता



आदमी को उसके शौक भी कहां से कहां लेकर आ जाते हैं, बस इन शौक को पूरा करने के लिए उनके मन में दृढ़ इच्छा होनी चाहिए और फिर मंजिल भी आसानी से मिल ही जाती है। बात हो रही है नैनीताल में नाव बनाकर अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले खड़क सिंह चौहान की। मूल रूप से कुमाऊं मंडल के अल्मोड़ा जिले के भनौली तहसील के तहत राजा गांव निवासी स्वर्गीय धन सिंह चौहान के पुत्र 37 वर्षीय खड़क सिंह चौहान की प्रारंभिक शिक्षा जीआईसी भेटा बडोली से हुई। बचपन में से वह गांव में पढ़ाई के साथ ही लकड़ी से संबंधित कार्य भी किया करते थे,उसके बाद वह रोजी-रोटी की तलाश में हरियाणा के होटल में चले गए,इस दौरान भी करीब 20 वर्षों तक होटल में कार्य करने के साथ ही उन्होंने गर्मियों के सीजन में नैनीताल आकर नाव बनाने का कार्य भी करते रहे जो आज भी अनवरत जारी है। खड़क सिंह को गाना लिखने तथा गाने का शौक बचपन से ही था लेकिन उन्होंने अपना यह शौक काफी लंबे समय के बाद इस वर्ष अक्टूबर माह के अंत में पूरा किया। खड़क के मुताबिक उन्होंने एक पहाड़ी गाना उड़ कबूतर जा जा मेर चिट्ठी ली जा दे ,आली तो उ बुला लाए, न आली मेरी चिट्ठी दी आये--- लिखा फिर उसको निर्माता भुवन कुमार की मदद से हल्द्वानी के नंदा स्टूडियों में गाया। खड़क का मानना है कि उनका कुमाऊँनी में गाना गाने तथा लिखने के पीछे मकसद यह भी है कि गाने के साथ ही हमारी कुमाऊंनी भाषा को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वृहद स्तर पर पहचान मिल सके। बता दें खड़क सिंह की पत्नी उमा चौहान ग्रहणी हैं जबकि उनकी दो बेटियां पूजा चौहान व पिंकी चौहान भी हैं।

# ऑल सेंट्स कॉलेज ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को दैनिक वस्तुएं भेंट की

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय ऑल सेंट्स कॉलेज ने प्रधानाचार्या किरन जर्माया के दिशा निर्देशन में जय लाल साह बाजार स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के उपयोग की वस्तुएं भेंट की। बता दें कि कार्यक्रम को अमेरिकन फील्ड सर्विस और राउंड स्क्वायर के तहत आयोजित किया गया।

इससे पहले विद्यालय की छात्राओं ने एक मुट्ठी अनाज योजना के अंतर्गत अपने विद्यालय में अनाज इकट्ठा किया। विद्यालय के किचेन में इस अनाज से स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए गए और इन पकवानों को राजकीय प्राथमिक विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों को मध्याह्न भोजन के रूप में परोसा गया। इसके अलावा इन बच्चों को पीने में फ्रूटी और मिष्ठान में कप केक भी दिया गया।

ऑल सेंट्स की छात्राओं ने इन बच्चों को कई सारे खिलौने तथा पेंसिल पाउच व स्कूल बैग और पढ़ने लिखने में काम आने वाली अन्य सामग्री के साथ साथ विद्यालय में उपयोग के लिए लडकी की बेंचें भी भेंट की गईं। इस दौरान राजकीय प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता साह समेत शिक्षिका लीला जोशी, ऑल सेंट्स की शिक्षिका ज्योतिका गिल व संगीता बिष्ट समेत प्राथमिक विद्यालय के बच्चे और ऑल सेंट्स की कुछ छात्राएं मौजूद रहीं।



### बीमार व नवजात बच्चों के लिए कपड़े व कंबल दिए

नैनीताल। रोटरी क्लब ने राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में बीमार व नवजात बच्चों के लिए कपडे तथा कंबल जिला अस्पताल प्रबंधन को सौंपे। उन्होंने जिला अस्पताल प्रबंधन से जरूरत मंद लोगों को देने की बात कही। बुधवार को रोटरी क्लब की ओर से जिला अस्पताल में बीमार व नवजात शिशुओं के लिए प्रबंधन को कपडे़ व कंबल सौंपे। रोटरी क्लब के विक्रम स्याल ने बताया कि अस्पताल को 25 बेबी कंबल तथा 25 बेबी सूट और 31 गर्म सूट सौंपे गए हैं।

# कुमाऊं विवि नये सिरे से विकल्प मांगे : हाईकोर्ट

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट ने सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कार्मिकों के मामले में हुए कुमाऊं विवि को नये सिरे से विकल्प मांगने को कहा है।

अल्मोड़ा सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के नंदन सिंह एवं छह अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर बुधवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि सन् 2020 कुमाऊं विश्वविद्यालय के सोबन सिंह जीना परिसर को नया विश्वविद्यालय बनाये जाने का निर्णय लिया तथा सन् 2021 को कार्मिकों के बंटवारे के मामले में दोनों विवि की एक कमेटी बना दी गयी।

कमेटी ने निर्णय लिया कि जो कर्मचारी जहां तैनात हैं वे वहीं के कर्मचारी माने जायेंगे। इस फैसले पर सन् 2022 में प्रदेश सरकार ने भी अपनी मुहर लगा दी। याचिकाकर्ताओं ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दे दी।

याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि वह कुमाऊं विश्वविद्यालय के कर्मचारी रहे हैं। किसी निर्णय से पहले उनसे विकल्प नहीं लिया गया। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता पशु नहीं हैं बंटवारे से पहले उनसे विकल्प लिया जाना था। कोर्ट ने कुमाऊं विश्वविद्यालय को नये सिरे से विकल्प मांगने को कहा है।

# उत्तराखंड के गीतों को देश विदेश तक पहुंचाना चाहती हैं नूपुर

नैनीताल

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड की प्रसिद्ध प्लेबैक सिंगर नूपुर पंत ने बुधवार को तल्लीताल के मनोहर होटल में प्रेस वार्ता की । सिंगर नूपुर पंत का यू-ट्यूब पर प्रसारित पहाड़ी द फोक सॉन्ग ऑफ उत्तराखंड मैशअप वीडियो ने धमाल मचाया हुआ है। पत्रकार वार्ता के दौरान नूपुर पंत ने बताया की उत्तराखंड के सभी प्रचलित गीतों को देश विदेश तक पहुंचाना चाहती है। उनके सभी भाषाओं के गाने उनके यू ट्यूब चैनल और सभी म्यूजिक स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म पर देखे जा सकते हैं। नूपुर पंत ने बताया की ढोल, दमऊ, मशकबीन, हुड़का पारंपरिक वाद्य यंत्रों का बखूबी गीत में प्रयोग किया गया है। बताया की वीडियो का फिल्मांकन नैनीताल समेत भीमताल, नौकुचियाताल, भवाली, अल्मोड़ा, कसार, जागेश्वरधाम समेत अन्य स्थानों पर किया गया है। नूपुर पंत आज के दौर में युवा पीढ़ी को उत्तराखंडी गीतों से परिचित कराने एवं उत्तराखंड के संगीत के प्रति आकर्षित करने का प्रयास कर रही है। नूपुर पंत कई टीवी धारावाहिकों में टाइटल सॉन्ग गा चुकी हैं। करण जौहर, विशाल शेखर व फिल्म हंसी तो फंसी के साथ ही कई मशहूर कलाकारों के साथ गीत गा चुकी है। जिसके बाद नूपुर पंत ने पहाड़ी सांग में कैला बाजा मुरुली, रूप सारा मोती, समेत पांच गानों का मिक्सअप किया है जिसे यूट्यूब में अपलोड कर दिया गया है, जो शोसियल मिडिया पर खूब धूम मचाया हुआ है। पत्रकार वार्ता के दौरान नूपुर ने कहा कि सोशल मीडिया आजकल युवाओं के लिए एक अच्छा माध्यम है। इसके जरिए हमें अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए अच्छा माध्यम मिलता है। पहाड़ के कलाकारों के लिए सरकार को भी सहयोग करना चाहिए जिससे यहां की प्रतिभा को पंख लगेंगे और नई उड़ान मिलेगी। उन्होंने कहा की जल्द ही कई बड़ी फिल्मों में उनके गाने प्रसारित होंगे। बता दें की नूपुर पंत ने नैनीताल के प्रतिष्ठित विद्यालय सेंट मेरी कॉलेज से शिक्षा प्राप्त की है। पत्रकार वार्ता के दौरान नूपुर पंत के पिता दीप पंत, माता संगीता पंत, पति शशांक गुप्ता, विनीता साह मौजूद रहें।